एन एस आई सी
N S I C

01 जनवरी, 2025

अध्यक्ष महोदय का नववर्ष संदेश 2025

मेरे प्रिय साथियों,

नमस्कार,

सबसे पहले, मैं आपको और आपके परिवार को एक बहुत ही **खुशहाल और समृद्ध 2025** की शुभकामनाएं देता हूँ!

नया वर्ष, पिछले वर्ष की उपलब्धयों पर विचार करने, टीम के तौर पर हमारे अच्छे काम की सराहना करने और उन अवसरों पर विचार करने का समय है, जिन्हें अभी भी साकार किया जाना बाकी है। पिछले कुछ महीनों में, मुझे आप में से कई लोगों के साथ व्यक्तिगत रूप से और समूहों में बातचीत करने के अवसर मिले। मैं आप सभी की महान प्रतिबद्धताओं से आश्वस्त हूँ और विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि टीम एनएसआईसी किसी से कम नहीं है। पिछला वित्तवर्ष पिछले सभी वित्तवर्षों से बेहतर रहा है और आप सभी की प्रतिबद्धता, कडी मेहनत और सामूहिक प्रयासो से हम मौजूदा वित्तवर्ष को और भी अधिक बेहतर बनाने के के लिए वचनबद्ध हैं।

वर्ष 2024 कई मायनों में बहुत ही उल्लेखनीय वर्ष रहा। एनएसआईसी को वर्ष 2023-24 के लिए सीएजी से **'शून्य'** टिप्पणियां मिली और संभवतः, हम **'उत्कृष्ट'** एमओयू रेटिंग की उम्मीद भी कर सकते हैं। यह निगम के प्रत्येक कर्मचारी के समर्पण और कड़ी मेहनत तथा उनके परिवारों के समर्थन से ही संभव हुआ है। मुझे विश्वास है कि हम इसी तरह पुरे जोश और उत्साह के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

हमने एक अधिक पारदर्शी, प्रणाली आधारित और लचीला संगठन बनाने के लिए वार्षिक रणनीति बैठक में अपनी प्रतिबद्धताओं की पुनः पुष्टि की है, जो भविष्य के लिए तैयार संगठन एनएसआईसी 2.0 की शुरुआत करने हेतु कई पहल आरंभ करने की दिशा में तैयार है। इसी क्रम में, इसे साकार करने हेतु और संगठन को आगे बढाने के लिए पहले ही विभन्न कदम उठाए जा चुके हैं।

हमारे निगम के बोर्ड ने कुछ नई व्यावसायिक लाइनों की शुरुआत को मंजूरी दी है, साथ ही एक निष्पक्ष व पारदर्शी पदोन्नति नीति आरंभ की है और हमें लगातार नई ऊंचाइयों को छूने के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। हम समझते हैं कि हमारे जैसे सेवा संगठन में, हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी संपति हैं, और इस लिए संगठन ने विभिन्न स्तरों पर प्रबंधन विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं, ताकि व्यवसाय और विनियामक दिशानिर्देशों के कई पहलुओं पर क्षमता निर्माण संबंधी निविष्टियां प्रदान की जा सके, ताकि एनएसआईसी के कर्मचारी अपनी भूमिका को अधिक निष्ठापूर्ण ढंग से निभा सकें। निगम ने कैरियर की प्रगति की जरूरतों को पहचाना है, और पात्र कर्मचारियों के लिए पदोन्नति प्रक्रिया भी आरंभ की है। इसी क्रम में अग्रसर होते हुए, निगम एक उत्कृष्ट प्रदर्शन संस्कृति विकसित करने की दिशा में कार्य करेगा।

इसके अलावा, निगम के दर्जे को अनुसूची 'बी' से बढाते हुए अनुसूची 'ए' निगम बनाने के प्रयास चल रहे हैं। हमें निकट भविष्य में नवरत्न के दर्जे के एक कदम और करीब ले आएगा, बशर्ते हम अपनी आय और लाभप्रदता में लगातार वृद्धि बनाए रखें।

आप सभी के प्रयासों से, निगम हमारे मंत्रालय द्वारा प्रगति और विकास हस्तक्षेपों में सबसे भरोसेमंद भागीदारों में से एक रहा है। हाल ही में शुरू की गई **टीम पहल**, जिसे एनएसआईसी संचालित कर रहा है, एमएसई क्षेत्र के लिए उनके डिजीटल मार्केट जुड़ाव के मामले में एक कार्य परिवर्तक साबित होगा। हमारे एमएसएमई मार्ट, जो एक बी2बी पोर्टल है, को अंतिम मार्केटिंग समाधान प्रदाता के रूप में पुनः स्थापित करने के लिए कार्य जारी है।

देश भर में, एमएसएमई विकास के इंजन हैं और इस क्षेत्र के संवर्धन, विकास एवं वित्तपोषण के लिए समर्पित एक सेवा संगठन के रूप में, हमें लगातार नवाचार करने और इस क्षेत्र की उभरती गतिशील जरूरतों को पूरा करने की आवश्यकता है। इस अनूठे संस्थान के गौरवशाली सदस्य के रूप में, आइए हम एक प्रतिस्पर्धी मनोदृष्टि, ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और प्रतिक्रियाशीलता के साथ इस क्षेत्र की सेवा करने के लिए खुद को फिर से समर्पित करें।

मैं पुन: आपको और आपके परिवार को **वर्ष 2025 में सफलता, अच्छे स्वास्थ्य, आनंद और समृद्धि की कामना करता हूँ।**

शुभकामनाओं सहित,

ह/-

(डॉ. एस.एस.आचार्य)